कृषि विज्ञान केंद्र, हनुमानगढ़–1

संगरिया –335063

जिला कृषि मौसम इकाई

:01499-252702

[Special Bulletin-02/2021]

जिला –हनुमानगढ़

Date of issued - 16 December 2021 **Time-3:00 PM**

पाला और शीतलहर की संभावना को देखते हुए हनुमानगढ़ जिले के लिए मौसम पूर्वानुमान और सलाह

तापमान परिवर्तन के आंकड़े

दिनांक	अधिकतम तापमान °C	न्यूनतम तापमान °C
14.12.2021	22.1	4.4
15.12.2021	20.8	4.1
16.12.2021	20.8	3.8

मौसम केंद्र जयपुर द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार

मौसम अपडेट– पूर्वानुमान के अनुसार जिला हनुमानगढ़ में आगामी दो दिन बादलवाही देखी जा सकती है जबकि बारिश की संभावना बहुत कम है। पहाड़ी क्षेत्रो में बर्फबारी होने तथा 17 दिसंबर से जिले में उत्तर–पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जा सकती है। इस दौरान शीतलहर और पाला जमने के आसार है।

कृषि सलाह –

- रात 12 से 2 बजे के आसपास खेत की उत्तरी पश्चिमी दिशा में खेत के किनारे मेड़ों पर कूड़ा कचरा या अन्य घास–फूस जलाकर धुआँ करने से वातावरण में गर्मी आ जाती है इस तरह तापमान को बढ़ाया जा सकता है।
- सिंचाई पानी की उपलब्धता पर हल्की सिंचाई करें। फव्वारा विधि से सिंचाई करना अधिक लाभदायक होता है।
- फसलों पर दोपहर के समय पत्तियां सूखी होने पर गंधक के तेजाब के 0.1 प्रतिशत घोल का छिड़काव करना चाहिए। इस हेतु 1 लीटर गंधक के तेजाब को 1000 लीटर पानी में घोलकर 1 हेक्टर क्षेत्र में प्लास्टिक स्प्रेयर से छिड़काव करें। शीतलहर व पाले की संभावना बनी रहने पर 15 दिन के अंतराल पर दोहराये।
- फलों एवं सब्जियों में फूल आने से पहले 0.03 प्रतिशत साइकोसील छिड़काव कर सकते हैं।
- थायो यूरिया 500 ग्राम 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर सकते हैं और 15 दिन बाद दोहराये।
- पौधशाला व बागवानी पौधों को टाट, पॉलिथीन अथवा भूसे से ढक दें।
- पाला पड़ने की संभावना वाले दिनों में मिट्टी की गुड़ाई या जुताई नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसा करने से मिट्टी का तापमान कम हो जाता है।

पशुपालन–

- रात के समय पशुओ को शेड के अदंर रखें और ठंड से बचाने के लिए सूखा बिछावन प्रदान करें।
- खाने में प्रोटीन स्तर और खनिज को बढाएं ताकि जानवरो को ठंड से निपटने के लिए स्वस्थ रखा जा सके ।
- पशुओं को नियमित रुप से नमक के साथ खनिज मिश्रण दें।
- पशुओं में ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ठंडे मौसम के दौरान दैनिक राशन 10% – 20% गेहूं के दाने, गुड इत्यादि के साथ दें ।
- पोल्ट्री, मुर्गी शेड में कृत्रिम प्रकाश व हीटर की सहायता से तापमान बनाये रखें ।